मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com

www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–11, नवंबर 2016

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**




## जम्मू के लिए आदर्श निर्माण समाधान है

# कामधेनु टीएमटी

इंडियन पावर ब्राण्ड एवार्ड, 2016 से सम्मानित भारत की नं. 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने जम्मू क्षेत्र में बेहद मज़बूत उपस्थिति बना ली है। आज कामधेनु टीएमटी रिबार का उपयोग जम्मू–कश्मीर के कोने–कोने में लाखों भूकंपरोधी इमारतों और टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चरों के निर्माण के लिए किया जा रहा है। कामधेनु उत्पाद अपनी भरोसेमंद गुणवत्ता और बेहद मज़बूत डीलर नेटवर्क के सहयोग की वज़ह से उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है।

क्षेत्र में बाज़ार मांग को बढ़ाने के लिए डीलर्स द्वारा मिले लगातार सहयोग की सराहना करने एवं आने वाले महीनों की बाज़ार रणनीति की चर्चा के उद्देश्य से हाल ही में जम्मू में एक चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया गया। मीट में जम्मू क्षेत्र के 100 से अधिक डीलर्स ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित हुए, जिसमें श्री दिलीप मेहरा, सीनियर जी एम, श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर ब्रांड प्रोमोशन, श्री कृष्णलाल धर, सीनियर मैनेजर, श्री शिव कुमार और श्री विरेन्द्र शामिल थे। राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी मेसर्स विजय स्टील प्रा. लि. के निदेशकगण श्री अजय अग्रवाल व श्री पंकज अग्रवाल ने भी बैठक में शिरकत किया।

इस अवसर पर डीलर्स के सहयोग की प्रशंसा करते हुए श्री दिलीप मेहरा, सीनियर जी एम कामधेनु लिमिटेड ने कहा, ''साल दर साल जम्मू क्षेत्र में कामधेनु लिमिटेड नई ऊंचाईयां हासिल कर रहा है और कंपनी की इस सफलता में डीलरों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। आपको याद रखना चाहिए कि जहाँ एक ओर आपके योगदान से कंपनी का विकास हो रहा है, वहीं आप भी साथ–साथ जीवन में सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ रहे हैं। हमारी तरक्की इसी सहयोग और कड़ी मेहनत पर निर्भर करती है। मुझे पूरा भरोसा है कि हम इसी तरह काम करते रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे।'' डीलर्स को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने आगे कहा, ''आपको उपभोक्ताओं के साथ संपर्क बनाना चाहिए और उन्हें बताना चाहिए कि कामधेनु टीएमटी और अन्य उत्पाद जम्मू क्षेत्र के मौसम के हिसाब से आदर्श निर्माण सामग्री समाधान हैं। भूकंप के लिहाज से भी, कामधेनु टीएमटी का उपयोग लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।''

बैठक के महत्व के बारे में बताते हुए मेसर्स विजय स्टील प्रा. लि. के निदेशक श्री अजय अग्रवाल ने कहा, ''कामधेनु के साथ जुड़ने के बाद मैं कामधेनु लिमिटेड की कार्यप्रणाली का प्रशंसक बन गया हूँ। कामधेनु लिमिटेड डीलर्स मीट आपसी मेल–मिलाप और मज़बूत रिश्ते बनाने का अवसर मानती है, साथ ही आज की बैठक आप लोगों के साथ भावी बाज़ार रणनीतियों पर चर्चा के लिहाज से भी अहम है।''

आविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिये प्रतिष्ठित कामधेनु भारतीय निर्माण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने क्रान्तिकारी योगदान के लिये सराहा जाता रहा है। स्थापना के समय से ही लगातार एक के बाद एक सफलता की कहानियां लिख रहा, कामधेनु लिमिटेड देश के ढ़ांचागत विकास और औद्योगिकरण की गति को तेज करने में पूरे समर्पण से योगदान दे रहा है। कंपनी ने उत्कृष्ट तकनीक से टीएमटी के निर्माण द्वारा देश भर में ऊँचा मुकाम बना लिया है। साथ ही कंपनी ने कलर कोटेड शीट्स की बेहतरीन श्रृंखला, कामधेनु **कलरमैक्स** को भी भारतीय बाजार में पेश किया है।

''कामधेनु लिमिटेड अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सबसे अच्छा उत्पाद बनाने में विश्वास करती है, जिससे उपभोक्ताओं को उनके पैसे की पूरी कीमत मिलती है।'' कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री कृष्णलाल धर, सीनियर मैनेजर, ने कहा, ''गुणवत्ता के लिए कंपनी की इस प्रतिबद्धता के फलस्वरूप कामधेनु लिमिटेड देश भर के बाज़ारों में छा चुका है। कामधेनु परिवार के सदस्य के रूप में हम सबको गर्व होना चाहिए कि कंपनी को साल भर से भी कम समय में **'वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रांड 2015'**, **'एशियाज मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड 2016'** और **'इंडियन पावर ब्रांड 2016'** जैसे तीन प्रतिष्ठित एवार्ड मिले हैं।''

# नोटबंदी का बड़ा फैसला



भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में 8 नवंबर का दिन एक बहुत बढ़ा बदलाव लेकर आया। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 500 और 1000 रुपये के करंसी नोट को बंद किए जाने की घोषणा की गई और इन नोट को बैंक में जमा करने या बदलने के लिए लगभग 50 दिन का समय दिया। काले धन पर रोक लगाने का यह प्रयास अपने आप में अद्वितीय है। इस नोटबंदी की घोषणा के बाद भारतीय करंसी के इतिहास में पहली बार रु. 2000 का करंसी नोट भी जारी किया गया है। भारत में इससे पहले भी करंसी नोट को बंद किया गया था। 1978 में मोरारजी देशाई की सरकार के समय 1000, 5000, और 10,000 के करंसी नोट बंद किए गए थे। मगर तब ऐसे नोटों की संख्या बहुत सीमित थी।

जबकि नोटबंदी से पहले भारत में जिन करंसी नोट का चलन था उनमें 85 फीसद बडे करंसी नोट थे। जब इतनी बड़ी मात्रा में बड़े करंसी नोट प्रचलन में हो तब ऐसे में इन नोटों को बंद करना एक क्रांतिकारी फैसला है। इस नोटबंदी के फैसले के साथ प्रधानमंत्री ने एक साथ कई समस्याओं को खत्म करने का प्रयास किया है। इस फैसले ने कालेधन, आतंकवाद, हवाला और जाली नोट के कारोबार करने वालों पर गहरी चोट की है।


नोटबंदी के फैसले के बाद कश्मीर के खराब हालात नाटकीय रूप से सामान्य हो रहे है जिससे यह प्रमाण मिलता हैं कि बंद हुए पुराने करंसी नोट का उपयोग उग्रवाद और आतंकवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा था। जम्मू और कश्मीर के बैंकों में जमा कराए जाने के लिए लाए जा रहे 43 प्रतिशत नोट के नक़ली निकलने के बाद तो कोई शक ही नहीं बचता कि आतंकवाद से ग्रस्त इस राज्य में पाकिस्तान ने नकली नोट का कितना व्यापक जाल बिछा रखा था। आंकड़े यह भी बताते हैं कि नोटबंदी की घोषणा के बाद 18 नवंबर तक बैंक में 5.44 लाख करोड़ रुपये बैंक में जमा कराए जा चुके है। बैंक में ज्यादा पैसे जमा होने के कारण ब्याजदर में कमी आ रही है, साथ ही कालेधन में कटौती से रिहायशी घर सस्ते हो सकते हैं। इससे आने वाले समय में मध्यवर्ग के लोगों द्वारा मकान खरीदने में तेजी आने की संभावना है।



## भारत को परमाणु तकनीक देगा जापान

प्रधानमंत्री मोदी के जापान दौरे के बाद भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का एक रास्ता और खुल गया। भारत जैसे–जैसे विकास के पायदान पर चढ़ते जा रहा है उसकी ऊर्जा जरूरतें बढ़ती जा रही है साथ ही इन उर्जा जरूरतों को पूरा करने में सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छ ऊर्जा को प्राप्त करना भी है। भारत आज भी अपनी ऊर्जा का ज्यादातर हिस्सा परम्परागत साधनों के जरिए ही उत्पन्न करता है।

अपने इस जापानी दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ सिविल परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ऐतिहासिक है, क्योंकि जापान ने अपनी परमाणु नीति को भारत के लिए बदल दिया और भारत द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर न किए जाने के बावजूद जापान नाभिकीय तकनीक और परमाणु इंधन देने के लिए तैयार हो गया। इस ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के साथ ही परमाणु क्षेत्र में दोनों देशों के उद्योगों के बीच सहयोग के दरवाजे खुल गए। दरअसल जापान परमाणु ऊर्जा के बाजार में विश्व में अहम स्थान रखता है। इस समझौते से दूसरा फायदा ये भी हो सकता है कि वेस्टिंगहाउस और जीई को भारत में अपने परमाणु संयंत्र लगाने में सहूलियत होगी क्योंकि इन दोनों कंपनियों में जापानी निवेश है। परमाणु समझौते के अतिरिक्त भारत और जापान के बीच बुलेट ट्रेन समेत 9 अन्य समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।



## डॉनल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत

अमरिका के 45 वें राष्ट्रपति के लिए हुआ यह चुनाव काफी उतार–चढ़ाव भरा रहा। अमरिकी जनता की पहली पसंद मानी जा रही डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन पर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप ने अप्रत्याशित जीत दर्ज की। ट्रंप की जीत ने दुनिया भर के चुनावी पंडितों और मीडिया को चौंका कर रख दिया क्योंकि सभी चुनावी पोल के रूझान हिलेरी को अमरिका का भावी राष्ट्रपति बता रहे थे और डॉनल्ड ट्रंप अपने अपरम्परागत दृष्टिकोण एवं कट्टर विचारधारा के कारण अमरिकी मीडिया के निशाने पर थे।

डॉनल्ड ट्रंप ने 'पॉलिटिकली करेक्ट' की राजनीति को नकारते हुए असाधारण रूप से इस्लामिक आतंकवाद, अवैध प्रवासी और बढ़ती बेरोजगारी का जोरदार तरीके से विरोध किया साथ ही साथ ट्रंप ने खुद को अमरिकी श्वेतों का सबसे बड़ा हिमायती बताने में सफलता हासिल की। अमरिकी राजनीति में एक अलग नज़रिया पेश करने वाले ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक हलकों में भी हैरानी पैदा कर दी है। ट्रंप ने अमरिका के चिर–प्रतिद्वंद्वी रूस के साथ दोस्ताना संबंध बढ़ाने एवं परमाणु बम उपयोग की संभावनाओं के संकेत देकर यूरोपीय देशों में शंकाओं को बढ़ा दिया है।

# थाइलैंड घूमने गये दिल्ली के डीलर्स




देश भर में निर्माण सामग्री के लिये उपभोक्ताओं के सबसे पसंदीदा ब्राण्ड कामधेनु का मज़बूत और देशव्यापी नेटवर्क आज कोने–कोने में उपलब्ध है। कामधेनु लिमिटेड अपने सिद्धांतों के अनुसार हमेशा से डीलर बंधुओं को कंपनी के सतत विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी मानती है। कंपनी अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों के लिये नियमित रूप से प्रोत्साहन योजना लेकर आती है।

कुछ समय पहले कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने वाले दिल्ली के स्टील डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिये थाइलैंड की सैर का आयोजन किया। इस मजेदार थाइलैंड यात्रा पर दिल्ली क्षेत्र के 50 डीलर्स को जाने का मौका दिया गया। कामधेनु लिमिटेड के मार्केटिंग टीम के अधिकारी श्री सुशील भारद्वाज, श्री विजय शंकर और श्री सौरभ सुमन ने इस टीम का नेतृत्व किया। KAMDHENU SS10000 के सेल्स प्रोमोटर श्री राजेन्द्र गर्ग के साथ कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री पंकज गर्ग, श्री संजय मित्तल, श्री दीपक मित्तल, श्री गुलशन गुप्ता और श्री अनिल शारदा भी इस टूर टीम के साथ थे।

इस यात्रा के दौरान टूर टीम ने थाइलैंड की राजधानी बैंकाक और समुद्रतटीय शहर कराबी में सैर का आनंद लिया। टीम के लिये टूर के दौरान दोनों ही शहरों के शानदार होटलों में ठहरने का बढ़िया इंतजाम था। कराबी के आस–पास 80 से भी अधिक छोटे द्वीप हैं। डीलरबंधु यहां के सबसे प्रसिद्ध 'फी फी आइलैंड' की सैर पर गये। कराबी के खूबसूरत समुद्र तट 'फ्रा नांग बीच' पर समुद्र की लहरों के साथ खेलने का आनंद भी सबके लिए अनोखा रहा। बैंकाक शहर का नज़ारा भी सबको बहुत पसंद आया। कराबी और बैंकाक की खूबसूरत जगहों पर बड़ा ही अच्छा समय बिताने के बाद टीम वापस लौटी। डीलरों को प्रोत्साहित करने और कंपनी के साथ उनके संबंध को और अधिक मज़बूती देने के अपने मक़सद में यह सैर पूरी तरह सफल रही।

इस यात्रा का मकसद डीलर्स को थाईलैंड के कल्चर और वहां की शहरी सुविधाओं के रख–रखाव से रूबरू कराना भी था।

# राजस्थान में छाया KAMDHENU SS 10000




भारत की नं. 1 टीएमटी उत्पादक कंपनी कामधेनु लिमिटेड का प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 देश का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार है जो इमारतों को डबल मजबूती और डबल सुरक्षा देती है। कंक्रीट को साधारण सरियों के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक मजबूत पकड़ देने में सक्षम KAMDHENU SS 10000 में अनोखा सिस्मिक डिजायन है जिससे यह भूकंप से सुरक्षा देने में सक्षम है ।

17 अक्टूबर 2016 को राजस्थान के श्री गंगानगर ज़िले के राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को इस अनूठे उत्पाद के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय डीलर जय हनुमान आयरन स्टोर, श्री गंगानगर तथा डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स सिद्धिविनायक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर्स श्री आशीष चित्तलांगिया और श्री रचित चित्तलांगिया सक्रिय सहयोग तथा कामधेनु सेल्स प्रोमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लि. की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में समीपवर्ती क्षेत्र के सैकड़ों निर्माण कर्मियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में जिन कामधेनु पदाधिकारियों ने कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुये निर्माणकर्मियों के बीच जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दिया, उनमें शामिल थे कामधेनु लिमिटेड के क्वालिटी–इन–चार्ज श्री दीपक पटेरिया, मार्केटिंग ऑफिसर श्री दीपक बंसल व श्री कीर्ति फलोट एवं मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव्स श्री विशाल सक्सेना और श्री प्रखर शर्मा तथा मेसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लि. से श्री अमित कालरा। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित निवासी श्री बी के शर्मा, निदेशक–गगन फर्मास्यूटिकल्स, श्री अमन चौधरी, निदेशक–सीजीआर ग्रुप तथा श्री महेश जी पेडीवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

कामधेनु अधिकारियों ने उपस्थित ठेकेदारों का स्वागत करते हुये उन्हें कंपनी के बारे में तथा KAMDHENU SS 10000 की उच्च गुणवत्ता तथा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। KAMDHENU SS 10000 के विशेष गुणों और इसके उपयोग से मिलने वाले लाभ के बारे में उपस्थित राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को विस्तार से बताया गया। उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गये कंपनी और इस उत्पाद से जुड़े सवालों का कामधेनु के पदाधिकारियों ने अच्छी तरह से समझा कर जवाब दिया। KAMDHENU SS 10000 के प्रति जागरूकता बढ़ाने में और इसकी मॉग बढ़ाने में इस कार्यक्रम का अच्छा प्रभाव पड़ा।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.11.2016



# कामधेनु टीएमटी के मुरीद बने इंजीनियर्स

लगातार आविष्कारी और बेहतर समाधान देने में समर्पित कामधेनु लिमिटेड अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से निर्मित आधुनिकतम उत्पाद अपने उपभोक्ताओं के लिए लाती रही है। उच्च स्तर की गुणवत्ता की निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की वज़ह से ब्रांड कामधेनु देश भर के इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स का भरोसा जीत चुकी है। निर्माण तकनीक के विकास के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी के रूप में, कामधेनु लिमिटेड ने भारत के कई क्षेत्र के इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स संघ के साथ अच्छे संबंध बना लिए हैं। सुरक्षित निर्माण के लिए अच्छी गुणवत्ता के आधुनिक उत्पादों के महत्व पर चर्चा के उद्देश्य से कंपनी इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स संघ के साथ मिल कर बैठकें व अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी करती है।

इसी दिशा में 26 अक्टूबर, 2016 को हरियाणा के अम्बाला ज़िले के यूएसए गार्डेन में कामधेनु टीएमटी दिवाली मिलन–2016 का आयोजन किया गया। रोशनी का त्योहार, दीवाली उत्तर भारत में एक पावन अवसर के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दीवाली के मौके को अपने सहयोगियों की उपस्थिति में उत्साह से मनाना कामधेनु लिमिटेड की परंपरा में शामिल है। इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स संघ, अम्बाला के सहयोग से कामधेनु 2005 से लगातार दिवाली मिलन का आयोजन कर रहा है। दीवाली की खुशियां मनाने के साथ ही इस आयोजन से इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स के साथ संबंध को मज़बूती देने एवं उन्हें कामधेनु टीएमटी की गुणवत्ता पैमाने और तकनीक के बारे में जानकारी देने का अवसर भी मिल जाता है। इस बार के दीवाली मिलन कार्यक्रम के दौरान कामधेनु स्टील में लगातार होने वाले अनुसंधान के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही तीव्र भूकंप के नुकसान से बचने के लिए भारत के एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स रिबार व अन्य उच्च गुणवत्ता के कामधेनु टीएमटी उत्पादों के महत्व को भी रेखांकित किया गया।



दीवाली मिलन के इस आयोजन में 120 से अधिक इंजीनियर और आर्किटेक्ट सपरिवार शामिल हुए। कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री दीपक भाटिया, एजीएम–मार्केटिंग हिमाचल प्रदेश तथा श्री सुनील सैन, सीनियर मैनेजर– मार्केटिंग हरियाणा ने आयोजन–स्थल पर सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मेसर्स सोनू स्टील स्टोर, अम्बाला कैंट, मेसर्स ओम ट्रेडिंग कंपनी, अम्बाला कैंट, मेसर्स शर्मा आयरन स्टोर, अम्बाला कैंट, मेसर्स हिन्दुस्तान आयरन एंड स्टील ट्रेडर, साहा समेत सभी स्थानीय डीलर कार्यक्रम में उपस्थित थे। इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स संघ के प्रधान श्री सुरेन्द्र मोहन मित्तल ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। श्री सुरेन्द्र मोहन मित्तल और अन्य सभी इंजीनियर और आर्किटेक्ट ने भारत में उत्पादित ब्रांड को प्रयोग करने की शपथ ली। आयोजन–स्थल पर कई स्टॉल्स लगाये गये थे, जिन पर खेल एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ उपलब्ध थी। दीवाली मिलन में सम्मिलित इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स और डीलर्स ने इन गतिविधियों में भाग लिया और भरपूर आनंद उठाया।




# गुजरात डीलर्स गए हांगकांग और मकाऊ टूर पर

आयरन एवं स्टील के क्षेत्र में इंडियन पावर ब्रांड 2016 एवार्ड से सम्मानित कामधेनु लिमिटेड उपभोक्ताओं के साथ–साथ अपने डीलर्स की खुशियों का खास ख्याल रखता है। देश भर में उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ कामधेनु उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डीलर्स के योगदान की सराहना करते हुए कंपनी उनके लिये लगातार लाभप्रद योजनायें चलाती रहती है। डीलरों के प्रयासों की सराहना कर पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कंपनी नियमित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों के लिये प्रोत्साहन योजना लेकर आती है। ऐसे प्रोत्साहन डीलरों को प्रेरित कर कंपनी के बाज़ार नेटवर्क में नई ऊर्जा भरने का काम करते हैं।

इसी तरह की एक इंसेंटिव टूर योजना के तहत, सितंबर के महीने में कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले गुजरात डीलर्स के लिये हांगकांग और मकाऊ की 7 दिनों की सैर का आयोजन किया। कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर्स मेसर्स कशिश इंटरप्राइज़ के प्रोपराइटर श्री मनोज शाह एवं मेसर्स चिंतन स्टील के प्रोपराइटर श्री हितेश शाह समेत कंपनी के 36 डीलर्स को इस ट्रिप में शामिल होने का मौका मिला। कामधेनु लिमिटेड की ओर से श्री वरूण प्रताप सिंह, सीनियर एक्ज़ेक्यूटिव–मार्केटिंग भी इस ट्रिप में डीलरों के साथ थे। इस आयोजन का एक मकसद डीलर्स को हांगकांग शहर के स्मार्ट सिटी की व्यवस्था एवं प्रारूप को नजदीक से दिखाना भी था।

21 सितंबर को टूर की शुरूआत करते हुए श्री वरूण प्रताप सिंह ने डीलर्स के परिश्रम और कंपनी के प्रति उनकी वफादारी की सराहना की। यात्रा का कार्यक्रम बेहद ही बढ़िया था और सैर पर गए सभी लोगों ने 7 दिन तक इसका पूरा आनंद उठाया। सैर के दौरान सबने सभी महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को देखा। 27 सितंबर को हांगकांग से लौटते हुये टीम के साथ था जिंदगी भर ना भुलने वाली यादों का खज़ाना और इसी तरह मेहनत करते हुए बड़ी सफलतायें और बड़ी खुशियों हासिल करने का मज़बूत इरादा।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

| श्री अरविंद गोयल | श्री विपिन कुमार | श्री अजय मित्ता |
|---|---|---|
| मेसर्स सुमित सेल्स | मेसर्स विपिन कुमार उदित कुमार | मेसर्स सुरेश चन्द अनिल कुमार |
| हॉस्पिटल रोड, | कसेरा लाईन | लोहरा लाईन |
| जसपुर | रामनगर | रामनगर |
| मो. 09259332090 | मो. 09837070976 | मो. 09837077062 |

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com